संख्या- 13 /2024/3902 /26-3-2023/CN-1423795

प्रेषक,

राज कुमार झा
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन

सेवामें,

निदेशक,
समाज कल्याण,
उ0 प्र0, लखनऊ

समाज कल्याण अनुभाग-3 **लखनऊः दिनांकः 19 जनवरी 2024**

विषयः-नव निर्मित/निर्माणाधीन जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय, चकगुमानी-संतरविदास नगर एवं जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय कपरेटा-एटा में साज-सज्जा/ फर्नीशिंग की व्यवस्था कराये जाने हेतु वित तीय स्वीकृति निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-4752/स0क0/ए0टी0एस0/पद सृजन-168/2023-24, दिनांक 30-11-2023 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय, चकगुमानी-संतरविदास नगर एवं कपरेटा-एटा में साज-सज्जा/फर्नीशिंग की व्यवस्था कराये जाने के सम्बन्ध में यथोचित निर्णय लिये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने निदेश हुआ है कि जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय, चकगुमानी-संतरविदास नगर एवं जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय कपरेटा-एटा में साज-सज्जा/ फर्नीशिंग की व्यवस्था कराये जाने हेतु योजनान्तर्गत प्राविधानित धनराशि रू0 1500.00 लाख के सापेक्ष प्रति विद्यालय रू0 166.00 लाख अर्थात कुल धनराशि **रू0 332.00 लाख (रूपये तीन करोड़ बत्तीस लाख मात्र)** की वित्तीय स्वीकृति श्री राज्यपाल निम्नवत् शर्तों के अधीन प्रदान करते हैं:-

(1)- निदेशक,समाज कल्याण द्वारा कार्यदायी संस्था यू0पी0 सिडको, लखनऊ से तत्काल अनुबंध निष्पादित किया जायेगा।

(2)- उक्त विद्यालयों में साज-सज्जा/ फर्नीशिंग की व्यवस्था कराये जाने हेतु समस्त कार्यवाही जेम पोर्टल के माध्यम से की जायेगी।

(3)- इस सम्बन्ध में वित्त विभाग के सुसंगत शासनादेशों/क्रय सम्बन्धी शासनादेशों की व्यवस्था के अनुसार सामग्री का क्रय करते हुए वितरण की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

(4)- उक्त विद्यालयों में आपूर्ति की जाने वाली सामग्री की गुणवत्ता का पूर्ण उत्तरदायित्व कार्यदायी

संस्था यू0 पी0 सिडको की होगी।

(5)- निदेशक, समाज कल्याण यह सुनिश्चित करेंगे कि उक्त स्वीकृति के सापेक्ष कार्यदायी संस्था द्वारा उपलब्ध कराये गये इस्टीमेट के क्रम में आवश्यक धनराशि का ही व्यय किया जाये।

(6)-स्वीकृत की जा रही धनराशि के सापेक्ष व्यय हेतु वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-2/2023/बी-1-227/दस-2023-231/2023 दिनॉक 17-03-2023 में दिये गये दिशा-निर्देशों एवं प्राविधानों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

(7) बाटआउटस आइटम्स की श्रेणी से आच्छादित कार्यों हेतु कार्यदायी संस्था को कोई भी सेन्टेज चार्ज देय नहीं होगा।

(8) स्वीकृत धनराशि कोषागार से आहरित कर आहरण के बाउचर संख्या एवं तिथि की सूचना शासन एवं महालेखाकार, प्रयागराज को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

(9) यह सुनिश्चित किया जायेगा कि उपरोक्तांकित स्वीकृत कार्यों हेतु किसी अन्य स्रोतों से धनराशि प्राप्त न की गयी हो। यह भी सुनिश्चित किया जायेगा कि इस योजना की वर्तमान तथा भविष्य में अन्य योजनाओं में द्विरावृत्ति/पुनरावृत्ति न हो और इसके रख-रखाव हेतु राज्य सरकार के ऊपर व्यय-भार न पड़े। कार्यदायी संस्था से कार्य की समाप्ति के पश्चात सम्प्रेक्षित लेखे अनिवार्य रूप से प्राप्त कर शासन को उपलब्ध कराया जाय।

3- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय रूपये-3,32,00,000/- (रूपये तीन करोड़ बत्तीस लाख मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 20232024 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या 083 लेखाशीर्षक 4225017890700 राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय मानक मद 26 मशीने और साज-सज्जा/उपकरण और संयंत्र मद के नामे डाला जायेगा।

भवदीय,

Digitally signed by राज कुमार झा
Date: 19-01-2024 13:18:37
Reason: Approved

(राज कुमार झा)
अनु सचिव

पृसं0- /2023/3902 (1)/26-3-2023 तददिनांकः

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार,(लेखा एवं हकदारी)प्रथम एवं द्वितीय उ 0 प्र 0, प्रयागराज।

2- महालेखाकार,(लेखा परीक्षा)प्रथम एंव द्वितीय, उ 0 प्र 0, प्रयागराज।

3- निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ 0 प्र 0 प्रयागराज।

4- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, उ 0 प्र 0 लखनऊ।

5- जिलाधिकारी, संतरविदास नगर तथा एटा।

6- जिला समाज कल्याण अधिकारी, संतरविदास नगर तथा एटा ।

7- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-4, उ 0 प्र 0 शासन।

8- वित्त नियंत्रक, निदेशालय, समाज कल्याण विभाग, उ 0 प्र 0 लखनऊ।

9- प्रबंध निदेशक, यू0 पी0 सिडको लखनऊ।

10- निदेशक, एन 0 आई 0 सी0।

11- गार्डफाइल

(राज कुमार झा)
अनु सचिव